(ग) क्या प्रत्येक वर्ग में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कोटे को पूरा कर लिया गया है ;

(घ) यदि नहीं, तो बाकी कोटे को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या विशेष कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ङ) क्या सरकार उन अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करती है जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अर्हता प्राप्त उम्मीदवार उपलब्ध होने पर भी ऐसे ऐसे उम्मीदवारों को जानबूझकर नियुक्त नहीं करते; और

(च) यदि हां, तो अब तक कितने अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है और की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि रामा राव) : (क) से (च). सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा-शीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के उपबन्धों का क्रियान्वयन

3391. **श्री राम बिलास पासवान** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के उपबधों का क्रियान्वयन किया जा रहा है और यदि हां, तो गत एक वर्ष के दौरान कितने सामान्य आदेश जारी किए गए और उनमें से कितने आदेश हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए गए;

(ख) गत एक वर्ष के दौरान कितने पत्र हिन्दी में प्राप्त हुए और उनमें से कितने पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया ;

(ग) मंत्रालय द्वारा कितने प्रकाशन, पत्रिकाएं प्रकाशित की गई और उनमें से कितने हिन्दी तथा अंग्रेजी में प्रकाशित किए गए ;

(घ) वर्ष 1968 के पश्चात् कितने कार्यालय/संगठन स्थापित किए गए हैं और उनमें से कितनों को आरम्भ से ही भारतीय नाम दिए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने उन अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है जिन्होंने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का उल्लंघन किया है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि रामा राव) : (क) से (ङ). सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा-शीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Indian National in Hotel Industry Abroad

3392. SHRI N. DENNIS: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Indian nationals are owning or partnering foreigners in hotel industry overseas;

(b) whether Indian firms are doing so; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN): (a) and (b). Yes, Sir.

(c) The details are as per statement attached.